संपादकीय

अंतरिक्ष में दावेदारी

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने बुधवार को जीएसएलवी मार्क-3 रॉकेट के जरिए नवीनतम संचार उपग्रह जीसैट 29 को सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचाकर रॉकेट साइंस के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर पार कर लिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की बदौलत भारत अंतरिक्ष अभियानों के मामले में दुनिया के चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल हो गया है। पीएसलवी के जरिए हल्के और मध्यम वजन वाले उपग्रह छोड़ने में भारत को पहले से महारत हासिल रही है, लेकिन भारी वजन वाले प्रक्षेपण उसके लिए नई चीज हैं। जीएसएलवी मार्क-3 देश में विकसित तीसरी पीढ़ी का रॉकेट है जो चार टन तक वजन अंतरिक्ष में ले जा सकता है। इससे पहले का जीएसएलवी मार्क-2 ढाई टन तक वजन ही ले जा सकता था। यह उपलब्धि इस मामले में खास है कि इसके बल पर इसरो 2022 तक चांद पर इंसान भेजने का अपना मिशन पूरा करने के काम में बेहिचक जुट सकता है।

हाल के वर्षों में मिली अन्य कामयाबियों के साथ इसे जोड़ कर देखें तो स्पष्ट हो जाएगा कि अन्य देश अपने हल्के और भारी, हर तरह के उपग्रह छोड़ने के लिए उसपर बेखटके भरोसा कर सकते हैं। फिलहाल अंतरिक्ष परिवहन के बाजार में डेढ़ टन तक के उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए इसरो को सबसे कम फीस वाली सबसे भरोसेमंद प्रक्षेपण एजेंसी का दर्जा हासिल है। जीएसएलवी के लगातार दो सफल प्रक्षेपणों से यह रेंज अचानक ऊपर उठकर दोगुनी यानी तीन टन की ऊंचाई पर चली गई है। यह बात और है कि इस स्तर को छू लेने के बाद इससे आगे की चुनौतियां न केवल भारत के लिए बल्कि रॉकेट साइंस की सीमावर्ती होड़ में शामिल दुनिया के तमाम देशों के लिए काफी कठिन हैं।

जीएसएलवी मार्क-3 की चार टन वजन क्षमता हमारे लिए भले ही बहुत बड़ी बात हो, पर मनुष्य को चांद पर ले जाने वाले पहले यान अपोलो-11 का लेंडिंग मास 4932 किलोग्राम यानी करीब 5 टन था। यह भी याद रखना चाहिए कि जिस दौर में अमेरिका ने चांद पर मनुष्य को भेजने का अभियान चलाया वह कोल्ड वॉर का दौर था और उस समय खुद को सोवियत संघ से मीलों आगे दिखाना उसके लिए जीने-मरने जैसी बात थी। जाहिर है, ऐसे में उन अभियानों पर होने वाला खर्च अमेरिका के लिए खुद में कोई मुद्दा ही नहीं था। एक बार चांद तक अपनी पहुंच साबित कर देने के बाद इस खर्चीले अभियान से उसने इस तरह किनारा कर लिया, जैसे उसके अंतरिक्षयात्री कभी चांद पर गए ही न हों। लेकिन अभी की नई चंद्र-दौड़ में अमेरिका, चीन और अन्य संभावित प्रतिभागियों की भी कोशिश सस्ते और सक्षम रॉकेट बनाने की है।

इस दौड़ में हमारे जीएसएलवी मार्क-3 ने भी अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अगले तीन वर्षों में इसरो पांच टन वजन पांच लाख किलोमीटर दूर ले जाकर वापस लौटने लायक भरोसेमंद रॉकेट बनाकर दिखाए, तभी कुछ बात है।

जांच एजेंसियां बैंक खातों में गड़बड़ी रोकेंगी, सीबीआई-ईडी भी रखेंगे निगाह

नई दिल्ली। आर्थिक अपराध पर रोक लगाने के लिए सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग जैसी जांच एजेंसियां अब बैंकिंग ट्रांजेक्शन पर भी निगाह रखेंगी। खाते में किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर जांच एजेंसियां सभी बैंकों को उसका एलर्ट भेजेंगी, ताकि समय रहते वित्तीय धोखाधड़ी पर लगाम कसी जा सके और बैंकों को नुकसान न हो।वित्त मंत्रालय में वित्त विभाग और जांच एजेंसियों के बीच हुई बैठक में इस मुद्दे का समाधान निकाला गया। जांच एजेंसियों ने वादा किया कि वो घोटालेबाजों की जानकारी सभी बैंकों के साथ साझा करने का मैकेनिज्म जल्द बनाएंगी, ताकि ऐसे लोग एक बैंक के बाद

दूसरे बैंक को अपना शिकार न बना सकें। सूत्रों ने 'हिन्दुस्तान' को बताया है कि वित्त मंत्रालय में हुई सेंट्रल इकोनॉमिक इंटेलिजेंस काउंसिल की ताजा बैठक में इस फैसले पर सहमति बनी। काउंसिल के चेयरमैन वित्त मंत्री अरुण जेटली हैं, जबकि वित्तीय मामलों के विभागों और जांच एजेंसियों के प्रमुख इसके सदस्य हैं। बैठक में बैंक अधिकारियों की तरफ से सवाल उठाया गया कि जांच एजेंसियां तो बैंकों से किसी भी फ्रॉड के बाद व्यक्ति और उसके खातों से जुड़ी तमाम जानकारी मांग लेती हैं लेकिन अपनी जांच के दौरान मिली जानकारियां बैंकों के साथ साझा नहीं कर सकती हैं। बैंक से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में जांच एजेंसियों से कहा गया है कि वो किसी भी घोटालेबाज व्यक्ति और उसके खातों की जानकारी दूसरे बैंकों को भी भेजें, ताकि फ्रॉड व्यक्ति और उसके गोरखधंधे से बैंकिंग सिस्टम पहले ही सतर्क हो जाए।

फर्जीवाड़े पर सतर्क करेंगी आयकर विभाग भी अगर किसी व्यक्ति की जांच कर रहा है तो वो भी उस घोटाले और उससे जुड़े व्यक्ति की जानकारी सभी बैंकों को भेजेगा, ताकि वे एलर्ट रहें। बैठक में एजेंसियों की तरफ से आश्वस्त किया गया कि वे बैंकों को इस तरह के सभी आंकड़े साझा करेंगी। इसके लिए जल्द एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी जिसके जरिये खातों में गड़बड़ी होने पर जांच एजेंसियां बैंकों को सतर्क कर देंगी।

आर्थिक अपराध के आंकड़े साझा करेंगे बैठक में यह भी चर्चा की गई कि रिजर्व बैंक के पास मौजूद आर्थिक अपराध के आंकड़ों को बैंकिंग सिस्टम में हो रहे फ्रॉड को घटाने में कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है।

विश्व कप महिला मुक्केबाजी की मेजबानी खतरे पर

नई दिल्ली। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में जारी 10वीं आईबा विश्व महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कोसोवो के दल को वीजा न देना देश को खेल मेजबानी के लिहाज से भारी पड़ सकता है। मुक्केबाजी की अंतर्राष्ट्रीय महासंघ-आईबा ने शुक्रवार को एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि इस विवाद के बाद 2021 में भारत की मेजबानी में होने वाली पुरुष विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी पर गम्भीरता से दोबारा विचार किया जा सकता है। कोसोवो की डोनजेटा साडिकु (60 किलोग्राम भारवर्ग) के अलावा उनके दो प्रशिक्षकों को भारत ने वीजा नहीं दिया और इसी कारण यह दल भारत नहीं आ पाया।

आईबा के अध्यक्ष गाफुर राहिमोव ने हालांकि अंतर्राष्ट्रीय संस्था और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के इस विवाद को सुलझाने के प्रयास की सराहना की है।

जानिए क्यों दिल्ली में 86 प्रतिशत तक बढ़ा हवाई किराया

नई दिल्ली। दिल्ली से उड़ान भरने और यहां आने वाले यात्रियों को अपनी जेब अधिक ढीली करनी होगी. एक ई-कॉमर्स ट्रैवल वेबसाइट ने दावा किया है कि दिल्ली हवाई अड्डे पर तीन में से एक हवाई पट्टी को मरम्मत की वजह से बंद किए जाने से सप्ताहांत

विमान किरायों में 86 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो गई. दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने इससे पहले इसी महीने घोषणा की थी कि तीन में से एक रनवे को मरम्मत कार्य के लिए 15 नवंबर से 13 दिन के लिए बंद रखा जाएगा.

एयरलाइन कंपनियों से कहा गया था कि वे इसी के अनुरूप अपनी उड़ान सारिणी में भी बदलाव करें. शुक्रवार शाम को कई यात्रा पोर्टल तत्काल खरीदी जाने वाली टिकटों की कीमत में भारी बढ़ोतरी दिखा रहे हैं. आईजिगो (आईएक्स आईजीओ) के उड़ान आंकड़ों के अनुसार दिल्ली से बेंगलुरु का टिकट सामान्य दिनों में 11,044 रुपये का है.

जनवरी से 40 हजार रुपये महंगी हो जाएगी महिंद्रा मराजो जानिए कीमत

पिछले दिनों लॉन्च की गई एमपीवी मराजो की मूल्य में जनवरी से बढ़ोतरी कर देगी। कंपनी की मूल्य में 1 जनवरी 2019 से 30 से 40 हजार रुपये बढ़ाएगी। मराजो को कंपनी इसी वर्ष सितंबर में पेश किया था। इसकी शुरुआती मूल्य 9.99 लाख रुपये है। कार के टॉप वेरिएंट की एक्स शोरूम मूल्य 13.90 लाख रुपये है।

आलू की कीमत में बढ़ोतरी

नई दिल्ली। देश भर में आलू किसानों के बुरे दिन शुरू हो गए हैं। उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के किसानों ने जो आलू कोल्ड स्टोरेज में रखा है,

उसकी कीमतें एक दम से धड़ाम हो गई हैं। पहाड़ी राज्यों में जहां पुराने आलू के दाम 1000 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर गए हैं।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में राहत जारी, आज भी घटे दाम

नई दिल्ली। निवार को पेट्रोल की कीमत में कटौती जारी रही। दिल्ली में पेट्रोल की नई कीमत 76.91 रुपए और डीजल की कीमत 71.74 रुपए प्रति लीटर हो गई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की बात करें तो यहां पेट्रोल 82.43 रुपए प्रति लीटर और डीजल 75.16 रुपए प्रति लीटर हो गया है। बता दें कि पिछले महीने 17-18 अक?टूबर से लगातार पेट्रोल-डीजल के दाम कम हो रहे हैं। अब तक दिल्ली में पेट्रोल का भाव में 5.73 रुपए और डीजल के भाव में 3.76 रुपए प्रति लीटर की कटौती हो चुकी है। कच्चे तेल के दाम में पिछले 20 दिन कमी हो

आज का राशिफल

मेष: आप का दिन मित्रों और सामाजिक कार्यों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन खर्च भी करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। बड़ों से सहयोग भी प्राप्त होगा। आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। प्रवास और पर्यटन होगा।

वृषभ: आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यवसाय में प्रगति होगी। कार्यालय में अधिकारियों से सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन में सुख और संतोष प्राप्त होगा। मित्रों से मुलाकात आनंददायी रहेगी।

मिथुन: आज मन परेशान और स्वास्थ्य नरम रहेगा। कार्य करने में उत्साह की कमी रहेगी। व्यवसायिक स्थल पर भी अधिकारी और सहकर्मियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा। धन खर्च हो सकता है। प्रतिस्पर्धियों से सावधान रहें।

कर्क: आज नकारात्मक भाव हावी रहेगा। क्रोध पर भी आज संयम रखना होगा। खर्च अधिक होने की संभावना है। परिजनों के बीच कोई विवाद न हो इसका ध्यान रखें। नए कार्यों का प्रारंभ आज न करें।

सिंह: आज जीवनसाथी से तालमेल की कमी हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। सामाजिक मामलों में व्यवहार संयमित रखें, अपमान से बचेंगे। साझेदारों के साथ मतभेद हो सकता है। कोर्ट-कचहरी से दूर रहें।

कन्या: व्यावसायिक क्षेत्र में आज यश प्राप्त होने की संभावना है। सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण में सुख का अनुभव होगा। शारीरिक और मानसिकरूप से आप स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा।

तुला: आपकी मधुर वाणी से लोग प्रभावित होंगे। परिश्रम की तुलना में परिणाम कम हो सकता है। कार्य में संभलकर आगे बढ़ना होगा। अपच की पीड़ा होने से खान-पान में ध्यान रखें। साहित्य लेखन की प्रवृत्ति में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक: शारीरिक और मानसिकरूप से अस्वस्थता के कारण व्यग्रता बनी रहेगी। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन और कीर्ति की हानि हो सकती हैं। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण हो सकता है। अग्निज्ञ सतर्कगी।

धनु: सेहत अच्छी रहेगी। नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए समय अनुकूल है। सेहीजनों के साथ समय आनंद पूर्वक बितारेंगे। धर्म कर्म में रुचि रहेगी। मित्रों और सेहीजनों के साथ मिलना हो सकता है।

मकर: परिजनों के साथ मतलफहमी या मनमुटाव के प्रसंग हो सकते हैं। निरर्थक खर्च होगा। शेयर में पूंजी-निवेश संभलकर करें। गृहणियों को आज अस्तोष हो सकता है।

कुंभ: आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। प्रवास और पर्यटन का आनंद उठा सकेंगे। ईश्वर का ध्यान करें और अत्तेतिक कार्यों से दूर रहें।

मीन: आज सभी कार्यों में मन की एकाग्रता से फायदा होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिजनों के साथ मतभेद हो सकता हैं।

हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा भी है बेहद खास

हिंदू धर्म में कार्तिक महीना त्योहार के लिहाज से काफी अहम माना जाता है. इस महीने में काफी त्योहार एक के बाद एक मनाए जाते हैं. वहीं हिंदू धर्म में पूर्णिमा का भी अपना एक अलग महत्व है. इसके साथ ही कार्तिक पूर्णिमा भी काफी मायने रखती है. इस साल कार्तिक पूर्णिमा 23 नवंबर को मनाई जाएगी. मान्यताओं के मुताबिक इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था और संसार को राक्षस के भय से मुक्त करवाया था. इस कारण इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है. वहीं इस दिन पूजा करने के लिए बताया जाता है कि अपने

हाथ-पांव धोकर आचमन (तांबे के विशेष पात्र से हथेली में जल लेकर ग्रहण करना और खुद पर जल छिड़क कर शुद्ध करने की प्रक्रिया) करके हाथ में कुशा लेकर स्नान किया जाता है.

गंगा स्नान का महत्व

मान्यताओं के मुताबिक कार्तिक महीने में किए गए दान, ब्रत, तप, जप आदि का लाभ आने वाले समय तक मिलता रहता है. वहीं माना जाता है कि अगर कोई व्यक्ति कार्तिक महीने के आखिरी दिन यानी कार्तिक पूर्णिमा को गंगा में स्नान करता है तो उसके लिए यह काफी फलदायी साबित होता है. कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का महत्व बताया जाता है. इस दिन गंगा में स्नान करना शुभ माना जाता है. मान्यता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से पापों का प्रायश्चित किया जा सकता है.

अरमान जाफर ने जड़ा तिहरा शतक, सीनियर टीम में वापसी का दावा किया

पंद्रह महीने के बाद क्रिकेट में वापसी करते ही, आरमान जाफर तिहरा शतक लगाकर सुर्खियों में आ गए हैं. अरमान जाफर, टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी और वर्तमान में घरेलू क्रिकेट खेल रहे 40 वर्षीय वसीम जाफर के भतीजे 20 साल के अरमान जाफर ने कर्नल सीके नायडू (अंडर 23) ट्रॉफी में मुंबई के लिए नाबाद तिहरा शतक लगाकर तहलका मचा दिया. अरमान का तिहरा शतक तब बना जब कुछ दिन पहले ही उनके चाचा ईरानी

ट्रॉफी में तिहरा शतक लगाने से चूक गए थे. जाफर ने टीम इंडिया के लिए केवल 31 टेस्ट और दो वनडे खेले हैं, लेकिन उनके नाम घरेलू क्रिकेट, खासकर रणजी ट्रॉफी में कई रिकॉर्ड हैं. वसीम ने रणजी में सबसे ज्यादा 10,738 रन बनाए हैं अब अरमान भी अपने चाचा की राह पर चलते दिख रहे हैं.

चिली मोमोज बनाने का आसान तरीका

आजकल सभी लोगों को मोमोस खाना बहुत पसंद होता है, फिर चाहे वह बच्चे हो या बड़े. लोग अक्सर बाहर जाकर मोमोस खाते हैं, जो आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए आज हम आपको घर पर ही वेज चिली मोमोज बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं.

सामग्री:-

मोमोज 14 पीस , मोमोज चटनी 80 ग्राम, रेड चिली पेस्ट 1 छोटा चम्मच, तिरका 1/4 छोटा चम्मच, सोया सॉस 1/4 छोटा चम्मच, कैचअप 60 ग्राम, तेल 3 बड़े चम्मच, कटी हरी मिर्च 15 ग्राम, लहसुन 10 कलियां, कटा हुआ प्याज 45 ग्राम, नमक 1/4 छोटा चम्मच, चीनी 1/4 छोटा चम्मच, हरा प्याज गार्निशिंग के लिए

विधि:-

1- वेज चिली मोमोज बनाने के लिए सबसे पहले एक कढ़ाई को गैस पर रखें. अब इसमें तेल डालकर गर्म करें और इसमें मोमोस को डालकर गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें, और एक प्लेट में निकाल लें.

2- अब एक कटोरे में 80 ग्राम मोमोज चटनी, 1 छोटा चम्मच रेड चिली पेस्ट, 1/4 छोटा चम्मच तिरका, 1/4 छोटा चम्मच सोया सॉस और 60 ग्राम टोमेटो सॉस अच्छे से मिलाएं.

3- अब एक पैन को गैस पर रख कर इसमें 3 बड़े चम्मच तेल डालकर गर्म करें. अब इसमें 15 ग्राम हरी मिर्च और 10 लहसुन की कलियों को डालकर फ्राई करें. अब इसमें 45 ग्राम प्याज डालकर फ्राई करें.

4- प्याज के फ्राई हो जाने पर इसमें तैयार किया हुआ मिश्रण डालें, और फिर इसमें आधा छोटा चम्मच नमक और आधा छोटा चम्मच चीनी डालकर अच्छे से मिलाएं.

5- अब इसे 5 से 7 मिनट तक पकने दें. अब इन्हें हरे प्याज के साथ गार्निश करें.

6- लीजिए आपकी वेज चिली मोमोज तैयार हैं, इन्हें गर्मागर्म सर्व करें.

शब्द सामर्थ्य-90

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि की परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

1		2		3		4		5
		6				7		
8	9			10	11			
12		13		14		15		16
		17				18		
19	20			21	22			
						23		
24				25				

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 89 का हल

दा	ढ़ी		की		खा	सो	आ	म
वा		त	म	न्ना			जा	
न	जा	क	त		बा	अ	द	ब
ल		ली		वि	ला	प		हा
	अ	फ	सा	ना		मा	हि	र
दा	ब			श	गु	न		
न		उ	प	का	र		शि	
व		त्स		र		त	क	ला
	सा	व	न		गु	रु	वा	र

सू-दोकू-90

	7				1		3	
1		9			5			
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रु सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.89 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6